**जॉर्जिया 2022 मतदाता निर्देशिका**

## मुख्य तारीखें

**8 नवंबर मध्यावधि मतदानों के लिए मुख्य मतदान तारीखें और समय सीमाएं क्या हैं?**

- मतदाता पंजीकरण समय सीमा: 11 अक्टूबर 2022
- आम चुनाव 8 नवंबर 2022

## मतदान के दिन से पहले

**मतदान के लिए कौन पंजीकरण कर सकता है?**

निम्नलिखित योग्यताओं वाले सभी अमेरिकी नागरिक जॉर्जिया में मतदान करने हेतु पंजीकरण के लिए पात्रा हैं:

- अमेरिका का नागरिक।
- जॉर्जिया और उस देश का कानूनन निवासी और जिस देश में आप मतदान करना चाहते हैं।
- आयु कम से कम 18 वर्ष।
- न्यायालय द्वारा मानसिक अपूर्णता की कोई घोषणा नहीं।
- वर्तमान में किसी अपराध के लिए कोई सजा न भुगत रहा हो।

**मतदान के लिए मैं कैसे पंजीकरण करूं?**

8 नवंबर के आम चुनाव के लिए, मंगलवार, 11 अक्टूबर तक मतदान के लिए पंजीकरण (व्यक्तिगत रूप से मेल द्वारा) करें।

आप व्यक्तिगत रूप से मेल द्वारा पंजीकरण करा सकते हैं।

- आप व्यक्तिगत निम्नलिखित स्थानों पर पंजीकरण करा सकते हैं:
  - आपके देश का मतदान या पंजीकरण कार्यालय
  - कोई स्टेट या फेडरल एजेंसी जो सरकारी देवाएं प्रदान करता हो, जैसे मानव सेवा विभाग

- आप इस फॉर्म की मदद से मेल द्वारा पंजीकरण करा सकते हैं:
https://sos.ga.gov/sites/default/files/forms/GA_VR_APP_2019.pdf

- यदि आपके पास जॉर्जिया ड्राइवर सर्विस विभाग द्वारा जारी किया गया ड्राइवर लाइसेंस या पहचान है तो आप ऑनलाइन भी रजिस्टर करा सकते हैं:
https://registertovote.sos.ga.gov/

**मैं अपना पंजीकरण कैसे देखूं या इसे स्थान बदलने पर उसे अपडेट कैसे करूं?**

Visit https://mvp.sos.ga.gov/.

**क्या मैं जल्दी मतदान कर सकता हूं?**

जल्दी मतदान करने के लिए जॉर्निया के मतदाताओं के पास मतदान के दिन से पहले दो शनिवार सहित तीन सप्ताह का समय होता है। आपका काउंटी रविवार के दिन भी मतदान की सुविधा दे सकता है। अंतिम चरण में जल्दी मतदान करने के लिए कम समय होता है। आप अपने देश में जल्दी-मतदान वाले स्थानों पर मतदान कर सकते हैं। जल्दी मतदान के दिन, घंटे और स्थानों के लिए आप अपने काउंटी से संपर्क कर सकते हैं: https://sos.ga.gov/advanced-voting-location-information

**अनुपस्थित मतदान के बारे में क्या?**

जॉर्जिया में, आप किसी भी चुनाव के लिए अनुपस्थित मतपत्र से मतदान कर सकते हैं, यदि आप चुनाव के दिन काउंटी से अनुपस्थित नहीं होंगे फिर भी। आप ऑनलाइन या मेल द्वारा इसका अनुरोध कर सकते हैं, और जब यह आ जाए, तो मेल द्वारा ड्रॉप बॉक्स में डालकर वापस भेज दें।

अनुपस्थित मतपत्र का अनुरोध करने के लिए, आपको अनुपस्थित मतपत्र आवेदन भरना होगा: https://securemyabsenteeballot.sos.ga.gov/

यदि आपके पास ड्राइवर लाइसेंस या स्टेट आईडी नहीं है, तो आप फ़ोटो या दूसरे प्रकार की आईडी की कॉपी अनुलग्न कर सकते हैं। अनुपस्थित मतपत्र आवेदन में भेजने हेतु दूसरे प्रकार के स्वीकार्य फ़ोटो आईडी के लिए, देखें https://sos.ga.gov/page/georgia-voter-identification-requirements

आप अनुपस्थित मतपत्र का अभी अनुरोध कर सकते हैं। आपका अनुरोध आपके काउंटी मतदानों या रजिस्ट्रार के कार्यालय में 28 अक्टूबर, 2022 तक अवश्य पहुंच जाना चाहिए। (अस्पताल में भर्ती रोगियों को आवेदन करने के लिए 1 दिन अधिक मिलता है) आप अपना अनुपस्थित मतपत्र आवेदन अपने काउंटी रजिस्ट्रार कार्यालय को मेल, फैक्स, ईमेल (संलग्नक के रूप में) या व्यक्तिगत रूप से वापस भेज सकते हैं।

## चुनाव का दिन

**मैं कब मतदान करूं?**

चुनाव के दिन (8 नवंबर 2022) 7 a.m. से 7 p.m. मतदान चालू रहता है। 7 p.m. तक लाइन में खड़े हरेक व्यक्ति को मतदान करने के लिए बने रहने का अधिकार है।

**मैं कहां मतदान करूं?**

आप यहां अपना मतदान केंद्र देख सकते हैं https://mvp.sos.ga.gov/. मतदान केंद्रों में बदलाव हो सकता है, इसलिए घर से निकलने से पहले इसकी पुष्टि कर लें।

**अपना फ़ोटो आईडी न भूलें!**

मतदान में व्यक्तिगत रूप से मतदान करने वाले जॉर्जिया के सभी मतदाताओं को निम्नलिखित प्रकार के स्वीकार्य फोटो पहचान पत्र में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा:

- आपके काउंटी रजिस्ट्रार के कार्यालय या जॉर्जिया डिपार्टमेंट ऑफ ड्राइवर सर्विसेज द्वारा जारी की गई फ्री निःशुल्क आईडी कार्ड सहित कोई भी वैध राज्य या संघीय सरकार द्वारा जारी की गई फोटो आईडी।
- ऐक्सपायर होने के बावजूद, जॉर्जिया का ड्राइवर लाइसेंस
- जॉर्जिया पब्लिक कॉलेज या युनिवर्सिटी द्वारा जारी स्टूडेंट आईडी: https://sos.ga.gov/page/georgia-colleges-and-universities
- अमेरिकी सरकार, जॉर्जिया के किसी भी शाखा, विभाग, एजेंसी या संस्था, या किसी भी काउंटी, नगरपालिका, बोर्ड, प्राधिकरण या इस स्टेट की किसी भी संस्था की ओर से प्रदान की गई वैध कर्मचारी आईडी
- वैध अमेरिकी पासपोर्ट आईडी
- वैध अमेरिकी मिलिटरी फ़ोटो आईडी जिसमें मतदाता की तस्वीर हो
- वैध जनजातीय फ़ोटो जिसमें मतदाता की तस्वीर हो

**मैं अस्थायी मतपत्र का इस्तेमाल कब करूं?**

आपके पास एक अस्थायी मतपत्र डालने का अधिकार है यदि कोई मतदान कार्यकर्ता आपको बताता है कि वे मतदान करने के लिए आपकी पात्रता निर्धारित नहीं कर सकते (उदाहरण के लिए, आपका नाम उनकी मतदाता पंजीकरण सूची में नहीं है), लेकिन आप मानते हैं कि आप पंजीकृत हैं और मतदान के योग्य हैं। मतदान कार्यकर्ता को आपको अस्थायी मतपत्र द्वारा मतदान करने का अवसर प्रदान करना चाहिए, लेकिन, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो आपके पास इसके लिए अनुरोध करने का कानूनी अधिकार है। हेल्प अमेरिका वोट एक्ट, एक फेडरल कानून है जो सभी मतदाताओं को अस्थायी मतपत्र द्वारा मतदान करने के अधिकार की गारंटी देता है। अपना अस्थायी मतपत्र पूरा करने से पहले, मतदान प्रबंधक से यह सत्यापित अवश्य करवा लें कि आप सही मतदान केंद्र पर हैं, भले ही आप मतदान पुस्तिका में सूचीबद्ध न हों।

यदि आपके काउंटी रजिस्ट्रार के कार्यालय द्वारा चुनाव के दिन के बाद तीन दिनों के भीतर आपकी पात्रता निर्धारित की जा सकती है, तो अस्थायी मतपत्र की गिनती की जाएगी। एक अस्थायी मतपत्र पूरा करने के बाद, आपको यह देखने के लिए अपने काउंटी रजिस्ट्रार के कार्यालय से संपर्क करना चाहिए कि क्या आपका वोट गिना गया या क्या रजिस्ट्रार को आपकी पंजीकरण स्थिति सत्यापित करने के लिए अधिक जानकारी चाहिए: https://sos.ga.gov/county-elections-offices

## वैसी स्थिति में मतदान यदि आप न्याय प्रणाली द्वारा प्रभावित हुए हों

**क्या मैं जेल से मतदान कर सकता हूं?**

हां। जॉर्जिया के वैसे मतदाता जो किसी अपराध के लिए दोषी नहीं हैं, जो मुकदमे की प्रतीक्षा में जेल में हैं, अनुपस्थित मतपत्र का अनुरोध कर सकते हैं। ऊपर दिया गया अनुपस्थित मतदान पर दी गई जानकारी देखें।

**अगर मैं एक वापसी करने वाली नागरिक हूं तो क्या मैं मतदान कर सकता हूं?**

यदि आप एक वापसी करने वाले वाले नागरिक हैं (अर्थात, पहले से कैद किए गए व्यक्ति) और अभी भी किसी अपराध के लिए सजा पूरी कर रहे हैं, तो आप मतदान के लिए पंजीकरण करने के योग्य नहीं हैं।

लेकिन अगर आपको किसी अपराध की सजा दी गई है और आपने अपनी सजा पूरी कर ली है, जिसमें किसी परिवीक्षा, पैरोल और जुर्माने का भुगतान शामिल है, तो आप मतदान के लिए पंजीकरण करने के योग्य हैं, भले ही आप पर अभी भी क्षतिपूर्ति, शुल्क और लागत बकाया हो।

## अपने अधिकारों को जानें

**यदि मुझे वोट देने के लिए सहायता चाहिए तो क्या होगा?**

सभी मतदान केंद्रों पर बुजुर्ग व्यक्तियों और विकलांग व्यक्तियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध होने चाहिए। फेडरल चुनावों में, प्रत्येक मतदान केंद्र में एक आसान मतदान प्रणाली होनी चाहिए जिसमें विकलांग लोगों को सहायक तकनीक या उपकरण का उपयोग करके निजी और स्वतंत्र रूप से मतदान करने की सुविधा हो। इसके अलावा, फेडरल मतदान अधिकार अधिनियम की धारा 208 के अनुसार, **"ऐसा कोई भी मतदाता जिसे अंधेपन, अक्षमता, या पढ़ने या लिखने में असमर्थता के कारण वोट देने के लिए सहायता की जरूरत हो, उसे मतदाता के नियोक्ता या उस नियोक्ता के एजेंट या मतदाता संघ के अधिकारी या एजेंट के अलावा मतदाता की पसंद के किसी अन्य व्यक्ति द्वारा सहायता दी जा सकती है।"** यह फेडरल कानून सभी राज्यों के सभी चुनावों पर लागू होता है और किसी भी राज्य के कानून से ऊपर है। विकलांगता, निरक्षरता या कम अंग्रेजी दक्षता के लिए प्रमाण की आवश्यकता नहीं है।

विशेष रूप से जॉर्जिया राज्य के कानून के अनुसार, ऐसे मतदाता जिन्हें मतपत्र को चिह्नित करने में सहायता की जरूरत होती है या विकलांगता के कारण अपने नाम पर हस्ताक्षर नहीं कर पाते हैं, वे मतदाता

के नियोक्ता; मतदाता संघ का अधिकारी या एजेंट; कोई भी व्यक्ति जिसका नाम मतपत्र पर उम्मीदवार के रूप में आता है; या उम्मीदवार का जीवनसाथी, बच्चा, माता-पिता, दादा-दादी, चाची, चाचा, भतीजी, भतीजा, पोता, दामाद, बहू, सास, ससुर, देवर या भाभी को छोड़कर, मतदाता की पसंद के व्यक्ति से सहायता प्राप्त करने के हकदार हैं।

**क्या मैं दूसरे मतदाताओं की सहायता कर सकता हूं?**

हां, यदि आप इनमें से कोई एक हैं:

- मतदाता का नियोक्ता।
- मतदाता संघ का अधिकारी या एजेंट।
- ऐसा कोई व्यक्ति जिसका नाम उम्मीदवार के रूप में मतपत्र पर प्रदर्शित है।
- या यदि आप उम्मीदवार का जीवनसाथी, बच्चा, माता-पिता, दादा-दादी, चाची, चाचा, भतीजी, भतीजा, पोता, दामाद, बहू, सास, ससुर, देवर , या भाभी हैं।

**क्या मतदान की सामग्रियां अंग्रेजी के अलावा दूसरी भाषाओं में उपलब्ध हैं?**

हां। आप https://www.sos.ms.gov/voter-id/materials/spanish स्पैनिश भाषा में मतदान की सामग्रियां प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, ग्विनेट काउंटी में सभी मतदान सामग्रियां स्पैनिश और अंग्रेजी में उपलब्ध होनी चाहिए। "मतदान सामग्री" में पंजीकरण या मतदान नोटिस शामिल हैं, जैसे समाचार पत्र नोटिस और वेबसाइट की जानकारी; फॉर्म्स; निर्देशत्रों सहित चुनावी प्रक्रिया से संबंधित अन्य सामग्री या जानकारी। यदि उपरोक्त काउंटियों में कोई भी मतदान सामग्री स्पेनिश में उपलब्ध नहीं है, तो कृपया यहां करें:

- चुनाव के दिन - इलेक्शन प्रॉटेक्शन हॉटलाइन:
    - 866-हमारा-मतदान (अंग्रेजी)
    - 888-VE-Y-VOTA स्पैनिश/अंग्रेजी)
    - 888-API-VOTE (एशियन भाषाएं/अंग्रेजी)
    - 844-YALLA-US (अरबी/अंग्रेजी)

और याद रखें, यदि आपको मतदान में सहायता की आवश्यकता है क्योंकि आपको अंग्रेजी में पढ़ने या लिखने में परेशानी होती है, तो आपको अपनी पसंद के किसी व्यक्ति से सहायता मिल सकती है। (ऊपर दिया गया "**यदि मुझे वोट देने के लिए सहायता चाहिए तो क्या होगा?**" देखें।)

**यदि मैं मतदाता को डराते-धमकाते देखता हूं या मेरे साथ ऐसा होता है तो क्या होगा?**
मतदाता को डराना-धमकाना संभावित मतदाताओं को उनकी पसंद के खिलाफ वोट करने के लिए मजबूर करने के लिए किया जाता है, या बिल्कुल भी वोट नहीं देने के लिए किया जाता है, यह ऐसी गतिविधि के माध्यम से किया जाता है, जिसे डर पैदा हो।

फेडरल कानून स्पष्ट रूप से मतदाता को डराने-धमकाने पर रोक लगाता है।

मतदान केंद्रों के निकट निम्नलिखित आचरण से मतदाता को अवैध रूप से धमकाए जाने की संभावना होती है:

- मतदान केंद्र के अंदर या बाहर हिंसक व्यवहार या मौखिक धमकी।
  मिलिटरी-स्टाइल या आधिकारिक दिखने वाली वर्दी पहने हुए मतदाताओं का विरोध करना।
  आग्नेयास्त्रों दिखाना।
- मतदान लाइनों को बाधित करना या मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार को अवरुद्ध करना।
  मतदान केंद्र से, तक और इसके अंदर मतदाताओं का पीछा करना।
- मतदाता के साथ धोखाधड़ी, मतदान अपेक्षाओं, या संबंधित आपराधिक दंड के बारे में गलत जानकारी फैलाना।
- आक्रामक रूप से मतदाताओं के वाहनों के पास जाना या मतदाता लाइसेंस प्लेट नंबर लिखना।
- मतदाताओं को परेशान करना, जिसमें वोट देने के लिए उनकी योग्यता के बारे में आक्रामक तरीके से सवाल करना शामिल है।

यदि आप मतदाता को धमकाते हुए देखते हैं या ऐसा आपके साथ होता है, तो आपको प्रभावित मतदान स्थल पर मतदान प्रबंधकों को सूचित करना चाहिए; इस बात को दर्ज करें कि क्या हुआ और क्या किसी मतदाता को मतदान करने से रोका गया; और नीचे सूचीबद्ध चुनाव सुरक्षा हॉटलाइन पर कॉल करें।

**क्या होगा यदि मतदान करते समय मुझे कुछ पूछना हो या मुझे कोई समस्या हो?**

आप इलेक्शन प्रॉटेक्शन हॉटलाइंस पर कॉल करना चाहिए:

- 866-हमारा-मतदान (अंग्रेजी)
- 888-VE-Y-VOTA स्पैनिश/अंग्रेजी)
- 888-API-VOTE (एशियन भाषाएं/अंग्रेजी)
- 844-YALLA-US (अरबी/अंग्रेजी)

मतदान पर अधिक जानकारी के लिए, https://sos.ga.gov/elections-division-georgia-secretary-states-office/ देखें।

SPLC Southern Poverty Law Center